वार्षिक परीक्षा : 2025–26

कक्षा – 6 | **विषय – विज्ञान**
समय – 2.30 घंटा | **पूर्णांक – 70**

प्र.1. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए –(प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का)

(1) किसी स्वस्थ मनुष्य के शरीर का सामान्य ताप लगभग होता है।
(क) 98.6℃ (ख) 37.0℃ (ग) 32.0℃ (घ) 27.0℃ [ ]

(2) कौनसा एकमात्र ग्रह हैं जिस पर जीवन हैं?
(क) मंगल (ख) पृथ्वी (ग) शुक्र (घ) बुध [ ]

(3) हमे जीवित रहने के लिए किसकी आवश्यकता हैं?
(क) भोजन (ख) जल (ग) वायु (घ) उपर्युक्त सभी [ ]

(4) झूले की गति होती हैं:-
(क) सरल रेखीय गति (ख) दोलन गति (ग) वर्तुल गति (घ) घूर्णन गत [ ]

(5) निम्न में से कौन सूर्य का ग्रह नही हैं?
(क) बृहस्पति (ख) वरुण (ग) प्लूटो (घ) शनि [ ]

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । (5×1=5 अंक)

1. चुम्बक में सर्वदा--------------------ध्रुव होते हैं।
2. ताप का मात्रक डिग्री------------------------------हैं।
3. वे पदार्थ जो चुंबक की ओर आकर्षित होते हैं, उन्हें------------------कहते हैं।
4. सूर्य एक---------------हैं, जो ऊष्मा एवं प्रकाश देता हैं।
5. शरीर से अपशिष्ट उत्पाद के निष्कासन को--------------------कहते हैं।

प्रश्न 3. मिलान कीजिए– (5 अंक)

कथन क	कथन ख
(क) बेसन ओर काले चने का मिश्रण	(1) हस्त चयन
(ख) चॉक पाउडर और पानी का मिश्रण	(2) चुम्बकीय पृथक्करण
(ग) भुट्टे ओर आलू का मिश्रण	(3) निस्तारण
(घ) लोहे के चूरे ओर बुरादे का मिश्रण	(4) छानना
(ङ) तेल और पानी का मिश्रण	(5) निस्यंदन

प्रश्न 4. सत्य/असत्य। (5 अंक)

a) लकड़ी पारभासी है जबकि कांच है अपारदर्शी है।
b) एल्युमिनियम के पन्नी में चमक होती है जबकि रबड़ में नहीं।
c) चीनी जल में घुल जाती है जबकि लकड़ी का बुरादा नहीं।
d) सेब एक द्रव्य है क्योंकि यह कोई स्थान नही घेरता है और इसमें द्रव्यमान हैं।

प्रश्न 5. आवास किसे कहते हैं ? (3 अंक)

प्रश्न 6. निम्नलिखित लंबाई को बढ़ाते हुए क्रम में लिखो- (3 अंक)

1m, 1cm, 1Km, 1mm

प्रश्न 7. किसी एक चुंबकीय पदार्थ का नाम लिखिए। (3 अंक)

प्रश्न 8. सौर परिवार के ग्रहों के नाम लिखिए ? (3 अंक)

प्रश्न 9 सरल रेखीय, व्रतीय एवं दोलन गति के दो-दो उदाहरण दीजिए ? (4 अंक)

प्रश्न 10. रेशमा को कम रोशनी में देखने मे कठिनाई होती हैं, चिकित्सक ने एक विशेष विटामिन पूरक की सलाह दी
व आहार में कुछ खाद्य पदार्थों को सम्मिलित करने की सलाह दी। (6 अंक)
(1) वह किस अभावजन्य रोग से पीड़ित हैं?
(2) उसके आहार में किस घटक की कमी हैं?
(3) किन्ही चार खाद्य पदार्थों का सुझाव देवे जिन्हें आहार में सम्मिलित करना चाहिए।

प्रश्न 11. (i) पति का नामांकित चित्र बनाओ। (3x2=6 अंक)
(ii) वाष्पोत्सर्जन को परिभाषित कीजिए।

प्रश्न 12. (i) पवन चक्की का चित्र बनाइये। (3x2=6 अंक)
(ii) पवन चक्की का दैनिक जीवन में तीन उपयोग लिखिए।

प्रश्न 13 . (i) पौधे का नामांकित चित्र बनाओ। (4x2=8 अंक)
(ii) पौधे में कितने प्रकार की जड़े होती हैं? नाम लिखिए।

अथवा

पुष्प का नामांकित चित्र बनाओ।
(ii)पुष्प में कितने भाग होते हैं?नाम लिखिए।

प्रश्न 14. (i) किसी विद्युत परिपथ का नामांकित चित्र बनाओ। (4x2=8 अंक)
(ii) अपने घर में स्विच की मरमत करते समय विद्युत मिस्त्री रबड़ के दस्ताने क्यों पहना है?

अथवा

(i) कंपास का नामांकित चित्र बनाओ।
(ii) चुंबक अपनी विराम अवस्था में किस दिशा में ठहरता है? सचित्र समझाइए।

www.teachersraj.com